## खबर संक्षेप

### ट्राला ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल



**भुआबिछिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिझोरा में नेशनल हाईवे 30 अनियंत्रित ट्राला ने मारी ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर ट्रैक्टर चालक हुआ गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर एक घर क़े बाउंड्री बाल तक पहुंचा गनीमत रही की घर क़े बाहर कोई भी मौजुद नही था नही तो हो सकता था बडा हादसा। मौके में 108 की मदद से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया भेजा गया जहाँ उसका उपचार जारी हैं मौके पर बिछिया पुलिस मौजूद।

### आबकारी विभाग मण्डला की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए ग्राम नेवरगांव के सरपंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में मदिरा का अवैध रूप से विक्रय करने वालों के विषय में जानकारी शिकायतकर्ता से ली गई। जिसमें उपस्थित व्यक्तियों द्वारा वर्तमान में शराब का अवैध रूप से विक्रय नहीं होना बताया गया। इसी प्रकार ग्राम कौरगांव में प्राप्त शिकायत जिसमें मदिरा का अवैध रूप से विक्रय की महिलाओं के द्वारा सूचना दी गई। जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए आबकारी विभाग द्वारा ग्राम कौरगांव में पहुंचकर मदिरा का अवैध विक्रय करने वाले संदिग्ध स्थल की तलाशी महिलाओं की उपस्थिति में ली गई। जिसमें खेत के पास किसी भी प्रकार की मदिरा का होना या विक्रय करना नहीं पाया गया। जिसका पंचनामा तैयार किया गया।

## भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया सुशासन दिवस

# श्रद्धेय बाजपेई जी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

*** भाजपा के ध्वज को फहराने के साथ हुई शुरूआत।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गुरुवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मजयंती उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे कार्यालय परिसर को फूलों से सजाया गया साथ ही कार्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित चल चित्र (फ्लेक्स) के अनावरण से की गई। इसके पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया गया। ध्वज के पश्चात भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि वे भारतीय राजनीति के ऐसे स्तंभ थे जिन्होंने विचारधारा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्राप्त की।

वही मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भाजपा जिला अध्यक्ष को बधाई भी दी है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान व्यक्तित्व की प्रतिमा को कार्यालय में स्थापित कर उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को विचार, संस्कार और प्रेरणा से जोड़ने का कार्य किया है।

वही कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी युवाओं और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज हम सभी गर्वान्वित हैं कि भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया है। यह प्रतिमा उनके विचारों, सिद्धांतों और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है, जो प्रत्येक कार्यकर्ता को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि और प्रखर लेखक भी थे। उनकी कविताएँ आज भी राष्ट्रप्रेम, मानवता और संवेदना का संदेश देती हैं और प्रत्येक पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। वही श्री मिश्रा ने उनके विचार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके मन में लंबे समय से यह विचार था कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा भाजपा कार्यालय में स्थापित होनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके विचारों और आदर्शों से निरंतर प्रेरणा ले सकें। इसी संकल्प के साथ सभी वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में यह निर्णय लिया गया और आज उनकी प्रतिमा का विधिवत अनावरण कर हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

वही कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जय दत्त झा ने एसएसआई प्रक्रिया को लेकर कहा प्रत्येक कार्यकर्ता ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, जिसके चलते मंडला जिले ने प्रदेश स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी चरणों में भी इसी समर्पण और समन्वय के साथ कार्य कर भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। वहीं मंच का संचालन जिला महामंत्री नरेश चंद्रौल ने किया और कार्यक्रम का आभार भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत ने किया।





## मंडला में डीपीसी पद को लेकर परपंच, आरोप–प्रत्यारोप से गरमाया माहौल




*** "योग्यता से ज्यादा जोड़–तोड़ और खर्च की राजनीति हावी", चर्चाओं ने पकड़ा जोर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में डीपीसी (जिला परियोजना समन्वयक) पद को लेकर कथित परपंच और आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। प्रशासनिक गलियारों से लेकर शिक्षा विभाग तक इस मुद्दे पर चर्चाएं गर्म हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि डीपीसी पद के लिए योग्यता से अधिक जोड़–तोड़ और कथित खर्च की राजनीति हावी हो रही है।

सूत्रों के अनुसार, डीपीसी पद को लेकर कुछ प्रभावशाली लोग अपने-अपने हित साधने में जुटे हैं। पद प्राप्त करने के लिए आर्थिक लेन-देन और दबाव की रणनीति अपनाए जाने की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं, हालांकि इन आरोपों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच वर्तमान में डीपीसी एवं बीईओ बिछिया कुलदीप कठल पर कुछ कर्मचारियों द्वारा पैसों के लेन-देन के आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं, यह भी तथ्य सामने आ रहा है कि बिछिया की एसडीएम की सक्रिय कार्यशैली इन दिनों जनचर्चा का विषय बनी हुई है। एसडीएम द्वारा क्षेत्र के स्कूलों और होस्टलों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान बीईओ की मौजूदगी के कारण सीधा आरोप बीईओ पर मढ़े जाने की बातें भी सामने आ रही हैं। कि बीईओ साहब जांच करवा रहे हैं। जबकि ऐसा नहीं क्या बीईओ के कहने पर एसडीएम का दौर होगा जो कभी मुमकिन नहीं है, किन्तु आरोप लगाना आम फैशन बनता जा रहा है। वहीं विभागीय जानकारों का कहना है कि यदि प्रशासनिक सख्ती के चलते कार्रवाई होती है, तो कुछ लापरवाह कर्मचारियों द्वारा दबाव बनाने की कोशिश की जाती है।

विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि यदि पैसों के लेन-देन जैसे गंभीर आरोप हैं, तो केवल लेने वाले ही नहीं बल्कि देने वाले भी समान रूप से दोषी माने जाने चाहिए। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि कथित रूप से शिक्षकों से पैसों की मांग की गई, तो उस समय संबंधित शिक्षकों द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत क्यों नहीं की गई।

### आकस्मिक मृत्यु पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** कपुरिया पिता श्री दर्शन मार्को निवासी ग्राम भौंड़ी, तहसील निवास की 19 जुलाई 2025 को तालाब के पानी डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता श्री दर्शन सिंह के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## उपार्जन केन्द्रों में नियमों की अनदेखी, कचरा युक्त धान भण्डार केन्द्रों तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित मध्यप्रदेश स्टेट वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के भण्डार केन्द्र में कचरा युक्त धान पहुंचाया गया। विगत दिवस 25 दिसंबर 2025 को लगभग 1.30 बजे दोपहर को ट्रक क्रमांक एमपी 16 एच 0427 के माध्यम से बड़ी खैरी उपार्जन केन्द्र से लगभग 700 बोरी धान भण्डार गृह लाई गई। ट्रक की अनलोडिंग के दौरान जब लगभग एक चौथाई धान उतारा गया, तब उसमें से 17 बोरी धान को गोदाम प्रभारी द्वारा गुणवत्ता खराब पाए जाने पर रिजेक्ट कर दिया गया। गोदाम प्रभारी ने बताया कि खराब धान की सूचना संबंधित बड़ी खैरी उपार्जन केन्द्र को दे दी गई है। साथ ही शेष धान की अनलोडिंग के दौरान प्रत्येक बोरी की सर्वेयर द्वारा परखी लगाकर जांच की जा रही है। जो धान गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरेगा, उसे अलग रखकर उपार्जन केन्द्र को वापस किया जाएगा। हालांकि इस पूरे मामले में यह संदेह गहराता जा रहा है कि उपार्जन केन्द्र पर ही कचरा युक्त धान की खरीदी की जा रही है। परखी से जांच के बावजूद बड़े कचरे का सामने आना उपार्जन केन्द्र की लापरवाही की ओर इशारा करता है, क्योंकि परखी के दौरान कई बार मोटा कचरा पकड़ में नहीं आ पाता। इस प्रकरण ने उपार्जन व्यवस्था की पारदर्शिता और निगरानी प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने जिला प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।

## वीर बाल दिवस पर आयोजित हुआ पथ संचलन का कार्यक्रम



**भुआबिछिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बिछिया द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाल स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सरस्वती शिशु मंदिर बिछिया के प्रांगण में एकत्रीकरण हुआ और कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वज पूजन एवं प्रार्थना हुई उसके बाद भारत माता, परम पूज्य डॉ हेडगेवार जी और परम पूज्य गोलवलकर जी के तैल चित्र में माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बालस्वयंसेवकों का पथ संचलन नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए भुवा पहुंचा जहां से लौटकर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में संचलन का समापन हुआ और फिर बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वीर बाल दिवस के महत्व के बारे में अतिथियों ने उपस्थित बाल स्वयं सेवकों को बतलाया कि भारत में हर वर्ष दिसंबर माह में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिब जादों- जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। उनका साहस आज भी देश को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में नगर के समस्त स्वयंसेवक, अन्य संगठन के लोग, मातृ शक्तियां, नगर के गणमान्य नागरिक सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## ज्ञानदीप स्कूल के वार्षिक उत्सव में कलेक्टर व एसपी ने किया स्वामी विवेकानंद हाल का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा तथा विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा रहे। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन संपन्न हुआ, इसके पश्चात नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद हाल का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर विवेकानंद हाल के मंच पर दीप प्रज्वलन कर विद्यालय परिवार को नए हाल की सौगात सौंपी गई।

इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ विद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्वागत नृत्य से आरंभ हुए कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। नर्सरी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर उपस्थित पालक अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सचिव संजय तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा का शाल एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय खोत ने विशेष अतिथि पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा का शाल एवं पौधा देकर सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश दुबे एवं रफीक खान द्वारा विद्यालय समिति के सदस्य संजय तिवारी, अजय खोत, विनोद अग्रवाल, मनोज फागवानी, राजेश चौरसिया, प्रसन्न सराफ एवं जावेद अली खान का भी शाल एवं पौधा भेंटकर सम्मान किया गया।

प्राचार्य द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शैक्षणिक गतिविधियों, सहपाठ्यक्रम उपलब्धियों एवं विद्यालय के विकास कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं शाला सचिव संजय तिवारी द्वारा खेल एवं प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी पालकों को नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद हाल का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया गया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस हाल को देखकर पालक एवं अतिथि अत्यंत प्रसन्न नजर आए। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, पालकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**खेल आयोजन** | **शासकीय हाईस्कूल विजयपुर एवं पिपरिया माध्यमिक शाला खेल परिसर में हुआ आयोजन।**

# दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

*** विजेताओं को दिये गये पुरूस्कार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



बीजाडांडी में दो दिवसीय वार्षिक खेल शालेय प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 23 दिसंबर 2025 को हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ 23 दिसम्बर को माध्यमिक शाला पिपरिया के खेल प्रांगण में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष स्थाई शिक्षा समिति सह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बीजाडांडी विजेंद्र यादव द्वारा विद्या एवं कला देवी माँ सरस्वती तैल चित्र पर माल्यार्पण -पूजा, विशिष्ट अतिथि माननीया सरपंच ग्राम पंचायत विजयपुर श्रीमति शांति मरावी जी, समाज सेवी श्रीमान बाजारीलाल यादव, समाज सेवी भगत मरावी एवं अन्य अतिथिगण शामिल हुये इन सबकी गरिमामयी उपस्थिति में 100 मी बालिका वर्ग दौड़ के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसी क्रम में हाई स्कूल बालक वर्ग 100 मी दौड़, माध्यमिक शाला पिपरिया बालक- बालिका 100 मी दौड़, बालक वर्ग क्रिकेट उमंग एवं मन दल के मध्य एवं बालिका वर्ग क्रिकेट क्रांति एवं प्रकृति दल के मध्य सम्पन्न हुआ। दूसरे दिवस 24 दिसंबर 2025 को शेष खेलो का आयोजन हुआ जिसमें प्राथमिक शाला विजयपुर में बोरी दौड़, जलेबी दौड़ एवं रिंग दौड़ शामिल थे माध्यमिक शाला पिपरिया में बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता एवं बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई हाईस्कूल विजयपुर में बालकर्ग की कबड्डी एवं बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित हुई तो वहीं बालिका वर्ग की खो-खो एवं पिट्टू प्रतियोगिता आयोजित की गई कार्यक्रम का समापन पुरूस्कार वितरण एवं प्रशस्ति पत्र वितरण उपरांत राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# आखिर में कब अच्छे दिन आयेंगे दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के

## बस स्टेन्ड के आभाव में महिलाओं सहित अन्य बस यात्रियों को जहां तहां खड़े होकर करना पड़ता है बसों का इंतजार

**मनचलों की छिटाकशी से बचने चाय पान दुकानों की शरण लेने बनी मजबूरी...**





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र में विकास नही हो रहे है लगतार विकास की गंगा बहने के बाद भी यदि क्षेत्र की जनता छोटी छोटी जरूरतों की मुहताज होकर परेशान होते हुए देखी जावे तो निश्चित ही क्षेत्र के उन विकास कार्यो के औचित्य पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर इस नगरी को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर पंचायत का दर्जा तो मिले हुये लम्बा समय बीत चुका है जिसके चलते अब यह नगरी भ एक नगर की श्रेणी में आ चुका है। वही दूसरी ओर सांईखेड़ा को तहसील कार्यालय के आलवा महाविद्यालय की सौगात भी प्राप्त होने के साथ साथ ब्लाक मुख्यालय वर्षो से चल रहा है। मगर बडे हैरत की बात है कि इस सबके बाद भी इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा सहित क्षेत्र के लोगों को छोटी छोटी जरूरतों के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है। क्योंकि जहां सांईखेड़ा नगरी दादा धूनी वालों का धाम संपूर्ण देश में प्रसिद्व होने से यहां पर दूर दूर से लोगों का आना जाना लगा रहता है। वही क्षेत्र के लगभग 70-80 गांवो का सांईखेड़ा केन्द्र बिंदु माना जाता है जिसके चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीणों का यहा प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है जिसके चलते नगरी अपने आप में ही विशेष महत्व व जरूरी सुविधाएं प्राप्त करने का हक रखते है। वही सभी प्रकार की सुविधाये दादा धूनीवालों की नगरी निवासी लोगों को मिलते हुये नही दिखने के कारण परेशानियों का सामना करते हुये देखे जा रहे है। अब इसे स्थानीय नेताओं की अनदेखी कही जावे या फिर उदासीनता जिसके चलते यदि सांईखेड़ा की जरूरी समस्याओं की ओर गौर किया जावे तो आज भी क्षेत्र के लोग जरूरी सुविधाओं के आभाव में परेशान हो रहे है। क्योंकि देश के नक्शे में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली दादा धूनी वालो की नगर सांईखेड़ा में बस यात्रियों को सुरक्षित रूप से बैठने के लिये बस स्टेन्ड का तक आभाव बना हुआ है। जिसके चलते बसों के माध्यम से आने जाने वाले लोगों को मुख्य मार्ग के किनारे खड़े होते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखा जाना आम बात बनी चुकी है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सांईखेड़ा जहां प्रदेश स्तर के मार्ग पर स्थित होने के साथ साथ क्षेत्र के लगभग 70-80 गांवों का केन्द्र बिन्दु होने के कारण जहां प्रतिदिन यहां पर क्षेत्र के अनेक गांवों के लोग अपना इलाज कराने के लिये पहुंचते है। वही दूसरी ओर ब्लाक मुख्यालय होने के कारण क्षेत्र की एक सेकड़ा से अधिक ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच सहित अन्य लोगों को आना जाना भी बना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य जरूरी कार्यो से भी प्रतिदिन हजारों लोग यहां पहुंचते है तथा दूसरी ओर सांईखेड़ा आने जाने के लिये लोगों को यातायात की अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नही रहने के कारण मात्र एक ही सहारा बस सेवा होती है जिसके चलते माध्यम वर्ग के लोग सांईखेड़ा आने जाने के लिये इस मार्ग पर चलने वाली बसों के माध्यम से ही आना जाना करते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में तैनात महिला कर्मी भी इन्ही बसों से आती जाती है। इस प्रकार रेल सुविधाओं से बंचित क्षेत्र के लोगों का आना जाना बसों के माध्यम से ही होता है, जिसके चलते दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा से प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचने व जबलपुर तक के लिये निजी बस सेवा उपलब्ध है। वही दूसरी ओर वही दूसरी ओर गाडरवारा से भी दिन में अनेकों बार बसों का आना जाना होता है। इस स्थिति में सांईखेड़ा पूर्णरूप से एक नगर स्तर के सुविधाएं पाने का हकदार तो माना जा रहा है। मगर वह सुविधाये प्रदान कराने के लिये किसी के द्वारा प्रयास नही किये जाने का परिणाम है कि साईखेड़ा में अभी तक स्थाई बस स्टेन्ड के साथ साथ यात्री प्रतिक्षालय का का तक आभाव बना हुआ है। इसी के चलते जहां यात्री इन बसों के इंतजार में जहां तहां सड़क किनारे अपनी जान जोखिम में डालते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखे जाते है, वही दूसरी ओर बस चालक भी अपनी मन मर्जी से कही भी बसों को रोकते हुये यात्री को उतारने व बैठाने से नही चूकते है? इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी उन महिला बस यात्रियों को झेलने पड़ती है जो जरूरी कार्यो से यहां पर बसों के माध्यम से आने जाने का कार्य करती है या फिर चिकित्सालय में इलाज कराने के लिये पहुंचते है। क्योंकि जहां उन्हें गर्मी के दिनों में तेज धूप की तपन के बीच खड़ा रहते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखा जाता है तो बारिश के दिनों में खुले आसमान के नीचे बारिश के पानी से भीगते हुये देखा जाता है तो दूसरी ओर ठंड के दिनों में लोग खुले मैदान में बैड़ना मजूबरी बन चुकी है। वही दूसरी ओर देखा जाता है कि मुख्य सड़को के किनारे बसों का इंतजार करने वाली महिला यात्रियों को नगर में जहां तहां घूमने वाले मनचलों की छिटकाशी का शिकार होने के लिये भी मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है..? इस स्थिति में मजबूरी बस उन्हें चाय पान के टपरों की शरण लेना पड़ती है जिसके चलते न चाहते हुये भी उनकी जेबों पर आर्थिक बोझ पड़ने से नही बच पाता है। इस सच्चाई को देखते हुये अब सबाल यह उठता है कि जब सांईखेड़ा पहले से ही एक कस्बा के रूप में स्थापित हो चुका है और जहां पर शासन द्वारा शासकीय चिकित्सालय से लेकर पुलिस थाना व बैकों के साथ बिजली आफिस तथा हाई व हायर सेकेण्डरी स्तर के स्कूलों, ब्लाक मुख्यालय के आलवा तहसील कार्यालय एवं महाविद्यालय तक स्थापित किये गये है तो फिर आखिर में आज तक यहां पर निश्चित जगह बस स्टेन्ड व यात्री प्रतिक्षालय क्यों बन पाया है।

# आजाद वार्ड पार्षद द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी की जयंती सेवाभाव के साथ मनाई गई



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। देश के पूर्व प्रधान मंत्री तथा भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वी जयंती जहां लोगों द्वारा जहां तहां मनाते हुये अनेक प्रकार के आयोजन करते हुये उन्हें याद किया गया। मगर नगर के आजाद वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सतीश कौरव द्वारा देश के महापुरूष की जयंती को एक सेवा भाव के रूप में मनाते हुये अनोखा संदेश दिया गया है। बताया जाता है कि माँ भारती की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले तथा भाजपा के पथ प्रदर्शक देश के पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती के अवसर पर नगर के आजाद वार्ड यशोदा नगर स्थित उद्यान में सफाई अभियान चलाया गया। वही इस दौरान उन्होंने अपने वार्ड के आमजन के बीच भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुये श्रद्वा सुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर शैलेश पटेल , बंटी चौकसे जी, आर्यन दुबे, अक्षय मेहरा, बलवान कौरव, तुलसीराम विश्वकर्मा, विजय चौरसिया,अखिलेश श्रीवास्तव, महेंद्र रैकवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिसमस डे के अवसर मेथोडिस्ट चर्च में आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम, प्रभु यीशु को किया याद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में श्याम टॉकीज के पास स्थित मेथोडिस्ट चर्च में क्रिसमस डे प्रभु यीशु का जन्म दिवस के अवसर पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। बताया जाता है कि सुबह से ही चर्च में मशीह समाज के लोगो का आना प्रारम्भ हो गया था। वही क्रिसमस डे के चलते चर्च में बडे ही अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई थी। जहां पर मशीह समाज ने आराधना सभा बड़े जोश उत्साह के साथ करते अनंदित होकर यीशु को याद किया गया। वही आराधना सभा में सभी वर्ग के लोग शामिल रहे और सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाईयां दी गई। चर्च में सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इस दौरान चर्च में देश की खुशहाली व अमन चैन हेतु प्रार्थना की गई सभी वर्ग इसी प्रकार एक दूसरे का आदर एवं सम्मान करते हुए प्रेम के साथ एक दूसरे के साथ मिलकर रहें यही प्रभु यीशु से आराधना की गई। बताया जाता है कि क्रिसमस के आयोजन मसीह समाज राजेन्द्र राज, राहुल राज, संजय राज कुमार पप्पू , स्वप्निल राज कुमार, जयंत ब्राउन, बबलू राज, मुकेश मसीह, पास्टर अबशालोभ, पास्टर विपिन मसीह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चर्च में सभी वर्ग के लोगो ने कैंडल जलाकर अपनी सहभागिता दी । इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एच व्ही रफीक, इंद्रभूषण श्रीवास्तव, हुसैन बोहरा, सत्य सांई सेवा समिति से प्रहलाद सोनी, प्रमोद चौकसे, सुरेश सराहे. चेतन शर्मा, प्रकाश चंद दुबे, नयनसुख विश्वकर्मा, राजेश जैन, गजराज अधरुज, सुशील दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही चर्च में दिनभर कार्यक्रम चलते रहे । शाम को रंग बिरंगी रोशनी के बीच सांता क्लास में बच्चों ने बहुत आनंद लिया । चर्च में प्रार्थना व क्रिसमस ट्री, सांता क्लॉस, और गिफ्ट के साथ प्रेम और शांति का संदेश दिया गया । बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर क्रिसमस डे को उत्साह और जोश से भर दिया था। इसी प्रकार से नगर के रेल्वे स्टेशन के समीप स्थित चर्च में भी अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हुये।



# भौरझिर से लिंगा खुर्द नर्मदा घाट तक 97 लाख 91 हजार की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन, क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता- मुलायम भैया





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र को विकास की ओर ले जाते है क्षेत्र के विधायक विश्नाथ सिंह पटैल (मुलायम भैया) द्वारा लगातार सड़क निर्माण कार्यो से लेकर आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिये लगे हुये देखे जा रहे है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को देश के पूर्व प्रधान मंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के मौके पर उन्होने क्षेत्र के सासंद चौधरी दर्शन सिह व पूर्व राज्य सभा सदस्य कैलाश सोनी की मौजूदगी में अपने क्षेत्र में अनेक विकास कार्यो की आधार शिला रखी गई। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने ग्राम भौरझिर से माँ नर्मदाजी के लिंगा खुर्द घाट तक 97 लाख 91 हजार रूपया की लागत से बनने वाली सीमेन्ट सड़क का भी भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर अन्य अतिथियों के रूप में क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप सिंह पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, क्षेत्र के उभरते हुये युवा भाजपा नेता तथा जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, देवेंद्र गंगोलिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप कौरव, ईश्वर गुर्जर, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जनपद सदस्य चो,विजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि आज का यह पावन अवसर हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है माँ नर्मदा जी के पवित्र घाट तक सुगम, सुरक्षित एवं सुदृढ़ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है। यह केवल एक सड़क का निर्माण नहीं है, बल्कि आस्था, सुविधा और विकास को जोड़ने वाला मार्ग है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सदैव “सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास” के मंत्र को आत्मसात कर कार्य किया है। इसी सोच के तहत यह सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ, जिससे श्रद्धालुओं, ग्रामीणों, किसानों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। माँ नर्मदा हमारी संस्कृति, हमारी पहचान और हमारी आस्था की धुरी हैं। नर्मदा जी के लिंगा घाट तक पक्की सड़क बनने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वही स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ सशक्त होंगी। मैं इस विकास कार्य के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग से यह सपना साकार हो रहा है मैं क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूँ कि भाजपा सरकार विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं करती। यह सड़क तय समय-सीमा में, उत्तम गुणवत्ता के साथ पूर्ण निर्मित की जावेगी। विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है।

# उपभोक्ता दिवस के मौके पर उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिये शासन द्वारा नहीं किया गया कोई आयोजन..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भले ही सरकार द्वारा शुद्व के लिये युद्व की कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से दुकानों पर आम उपभोक्ता के साथ कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है। इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण सरकार की इस मुहिम पर अपने आप ही ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है..? क्योंकि उपभोक्ता अपने अधिकारों से अनजान बना हुआ है। भले ही बीते हुये 24 दिसम्बर बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस था, जिसमें उम्मीद की जा रही थी कि शायद प्रशासन स्तर पर उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने की उम्मीद की जा रही थी। मगर इस प्रकार से आम उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये शासन प्रशासन द्वारा शहर में कोई भी आयोजन करना उचित नही समझा और रोज के तरह आम उपभोक्ता अपने अधिकारों से अनजान रहते हुये ठगते हुये महसूस करने से नही चूका..? क्योंकि बाजार में उपभोक्ताओं को मीठी बातों से ठग कथित मुनाफा खोर व्यापारी उपभोक्ताओं को खरीदी पर खरीदी गई बस्तुओं का पक्का बिल न देकर उनकी दुकानों पर लुटने के लिए फिर आने का निमंत्रण देते हुए नजर आये...? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि अभी तक शहर और क्षेत्र के गांवों के उपभोक्ताओं में उनके अधिकारों को जानने का बोध नही हुआ है और बाजार के चतुर व्यापारियों तथा किसान उपयोगी सामग्री के विक्रेताओं तथा अनेक निजी संस्थानों में शोषित होने के बाद भी जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत लेकर जाने वाले क्षेत्र के सरल स्वभाव के उपभोक्ता का प्रतिशत न के बराबर होगा..? जिसका परिणाम है कि शहर से लेकर गांवों के बाजार में खुलेआम मिलावटी सामग्री जो सेहत को क्षति पहुंचाने वाली होती है तथा नकली इलेक्ट्रानिक सामन तो बिक ही रहा है। वही मजेदार तथ्य यह भी है कि खरीदी गई चीजों की तौल में फर्क तोलने वाले व्यापारियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुए दिखाई दे रही है। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान न देना जहां चिंता का विषय बना हुआ है? वही हालत यह है कि उपभोक्ता व्यापारियों को मुस्काराते हुए देख खरीदी गई वस्तुओं का पक्का बिल मांगना भूल रहे है। यही कारण है कि क्षेत्र में उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम आम उपभोक्ता शुद्व के लिये युद्व की मुहिम के बाद लूट लीला में फंसने से नही बच पा रहा है और घरों में बिना मार्के के मिलावटी मसाले, आभूषण पहुंचा कर लोगों की अर्थ व्यवस्था डगमगा रहे है...? शहर के जागरूक लोगों का कहना है कि सालों से जिम्मेदार प्रशासन ने कोई ऐसी मुहिम नही चलाई गई है जिससे उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों को हासिल करने के प्रति चेतना का संचार हो पता और वह अपने अधिकारों को समझ पाते और उनको यह अहसास हो सके कि बदले दौर में बाजार में लुटना सिर्फ उनकी नियति नही है। कुछ इसी प्रकार का हाल बीते हुये मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर देखने मिला जब उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो की जानकारी प्रदान करने के लिये शासन प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का आयोजन करना उचित नही समझा और यह दिवस मात्र कलेण्डरों के पन्नों में पढ़ने के लिये ही साबित होते हुये जान पड़ा कि आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है? यदि प्रशासन उपभोक्ताओं को जागरूक करने के औपचारिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुये उनके हक दिलाने की पहल करता तो निश्चित ही आम उपभोक्ताओं के लिए काफी खुशी का दिन साबित होने से नही चूकता? क्योंकि उपभोक्ताओं को इस बात का तक पता नही होगा कि यदि उसके साथ कोई चालाकी की जाती है तो उसकी शिकायत वह कहा करे और यदि कोई दर्ज रेट से भी अधिक रेट पर कोई सामग्री विक्रय करता है तो वह उसकी शिकायत किससे करे इन जानकारियों के आभाव में उपभोक्ता लगातार लूट रहा है।

# चीचली उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने किया आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल का भ्रमण





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शासन के आदेश अनुसार स्कूली बच्चों को शिक्षण संस्थाओं के द्वारा भ्रमण पर ले जाया जाता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित शौर्य स्मारक तथा आंचलिक विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने विज्ञान केंद्र के इंटरैक्टिव प्रदर्शनों, मॉडल, विज्ञान पार्क, तारा मंडल, 3D विज्ञान फिल्म शो और विभिन्न प्रयोगों को देखा। इस तरह के भ्रमण से स्कूली बच्चों के बीच उनका वैज्ञानिक ज्ञान और समझ अधिक विस्तृत होती है। विज्ञान केंद्र की प्रदर्शनी गैलरी में 266 से अधिक वैज्ञानिक प्रदर्शनी वस्तुएँ हैं। जिनसे छात्रों को ऊर्जा, प्रकाश, ध्वनि, गुरुत्वाकर्षण और अन्य मूलभूत वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से अनुभव करने का मौका मिला। विज्ञान पार्क में लगे 60 से अधिक बड़े मॉडल यथा- पंखा, सौर ऊर्जा आधारित उपकरण, अन्य आकर्षक विज्ञान मॉडल, छोटे ग्रहों और तारों को दिखाने वाला मिनी तारा मंडल व तारा मंडल शो, 3D विज्ञान फिल्म शो, मानव हृदय का संरचनात्मक मॉडल, मानव मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र, मानव श्वसन तंत्र, रक्त परि संचरण तंत्र का चार्ट, कंकाल तंत्र, पाचन तंत्र, सौर मंडल का त्रि-आयामी मॉडल, पृथ्वी की संरचना, ज्वाला मुखी विस्फोट, जल चक्र, कार्बन चक्र, नाइट्रोजन चक्र, विद्युत परिपथ, चुम्बकत्व एवं विद्युत प्रेरण के प्रयोग के आलवा प्रकाश का अपवर्तन और परावर्तन मॉडल, ध्वनि तरंगों का प्रदर्शन, सरल यंत्र, लीवर, पुली, गियर, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा , पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े चार्ट को देखकर विद्यार्थी हतप्रद रह गए तथा उन्होंने सजीव मॉडलों को देखकर अपनी समझ को विकसित किया। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने विज्ञान के सिद्धांतों को पुस्तकीय ज्ञान से अलग व्यावहारिक और वास्तविक रूप में अनुभव किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, समझने योग्य और भविष्य में छात्रों को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर चुनने के लिए प्रेरित करेगा। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य भूपेश ठाकुर, विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षक शिवम नागा, सत्यम ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, मोनिका मिश्रा, निधि केरकेट्टा, सुलेखा शर्मा, विनीत नामदेव, सृष्टि कौरव काशीराम रजक, मोनिता विश्नोई भी मौजूद रहे। शौर्य स्मारक के भ्रमण में तीनों सेनाओं—थल सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुख पद और मुख्य कार्य को जाना।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सिहोरा में विधायक पटैल की मौजूदगी में आयोजित हुआ खंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर





**हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत बीते हुये दिवस समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सहोरा बोहानी में क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की मौजूदगी में खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस तरह जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत सिहोरा में आयोजित खंड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जहां क्षेत्र के लोग अपनी अपनी जन समस्याओं को लेकर पूहुंचे जहां पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल के आलवा मौजूद अधिकारियों द्वारा ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और मौके पर निराकरण किया। इस दौरान शिविर को संबोधित करते हुये विधायक पटेल ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान उस सोच को दर्शाता है, जिसमें सरकार जनता के द्वार तक पहुंचकर अपनी सेवाएं देती है। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाए। इसी संकल्प के तहत यह शिविर आयोजित किया गया है। ताकि ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का समाधान हो सके और उन्हें अधिकारियों के कार्यालयों तक भटकना न पड़े। इस दौरान विधायक पटैल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में सरकार हर कदम गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा के कल्याण के लिए समर्पित है। भाजपा की सरकार की सोच मात्र जनता की सेवा करना और देश का विकास करते हुये विश्व गुरू बनाना है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे सरकार की मंशा के अनुरूप संवेदनशील होकर तत्परता के साथ जनसमस्याओं का समाधान करें। साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणजन इस शिविर में आकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर राव वीरेन्द्र सिंह, हर्षदत्त शर्मा, गिरधारी लाल वर्मा, सुदर्शन पेठिया, दिनेश नगपुरिया, अरविंद पेडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# दो ट्रेक्टर चालकों की मनमानी के चलते बायपास पर लग गया जाम, आम लोगों को झेलना पड़ी परेशानी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर सहित क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह नियमों के विपरित ट्रेक्टर ट्रालिया दौड़ते हुये देखी जा रही है। वही निश्चित तौर से आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रही है। अधिकांश ट्रेक्टर ट्रालियों की सच्चाई इस तरह बनी हुई है कि वह कृषि कार्य के नाम पर अपना पंजीयन कराते हुये उनका व्यवासियक रूप से उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। मगर इस सच्चाई को परिवहन विभाग द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि जहां इन ट्रेक्टर चालकों के हौसले बुलंद जाते चल जा रहे है। हाल यह बना हुआ है कि नगर के अंदर सड़को पर लोहा सीमेन्ट की दुलाई करने वाले अनेक ट्रेक्टर ट्राली जहां कृषि कार्य के नाम पर दर्ज होने के बाद भी उनमें ओवर लोड़िग माल भरते हुये शहर के अंदर परिवहन किया जा रहा है। वही इन ट्रेक्टर ट्रालियों को चलाने वालों की स्थिति इस तरह होती है कि न तो उनके पास चलाने का कोई लाईसेन्स होता है और न ही किसी तरह का ज्ञान। कभी कभी तो हाल इस तरह से देखने मिलते है कि 18 साल से भी कम उम्र के किशोरों को सड़को के ऊपर माल भरकर अपने ट्रेक्टर ट्राली दौड़ाते हुये देखा जाता है। वही लोहा परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि बगैर किसी तरह के सुरक्षा व संकेत के बीच ट्रालियों के ऊपर मनमाना लोहा लादकर सड़को से लेकर कालोनियों व कुलियों में प्रवेश करते हुये देखा जाता है। इस तरह प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। वही शहर के अंदर जाम के हाल बनते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये गुरूवार को नगर के वायपास मार्ग यानि की मरघटा के सामने उस समय देखने मिली जब एक लोहे से लदा हुआ ट्रेक्टर ट्राली तो दूसरा सीमेन्ट से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली के बीच इस तरह का नजारा देखने मिला कि मानों किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हो..? इसी प्रकार से एक दूसरे को ओवर टेक करने के दौरान जब दोनों ट्रेक्टर ट्राली आपस में टकरा जाने के चलते मुख्य मार्ग से नीचे उतकर फंस जाने क कारण इस राज्य स्तरीय मार्ग क्रमांक 22 पर जाम लग गये। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर फंसे हुये दोनों ट्रेक्टर ट्रालियों के चलते दोनों ओर जहां वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई तो आम लोग परेशान होते रहे। इस प्रकार काफी देरी के उपरांत जब इन ट्रेक्टर ट्रालियों को मार्ग से अलग किया गया जब कही यातायात व्यवस्था बहान हो पाई। इस तरह प्रशासन की अनदेखी का परिणाम है कि नगर के अंदर से लेकर क्षेत्र के सड़को पर ट्रेक्टर ट्राली चालक जहां खुलेआम ताडंव मचाते हुये देखी जा रहे है। वही जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इनके हौसले बुलंद करने में पीछे नही रह रही है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में सुशासन दिवस सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

डिंडौरी। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अवसर पर पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक आशीष कुमार मरावी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सुशासन शासकीय सेवाओं एवं अपने जीवन में अनुशासन में रहकर कार्य करने आदि जानकारी दिए। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें छात्राएं कृतिका बर्मन, रश्मि धुर्वे एवं धनेश्वरी धुर्वे क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ हरिशंकर गुप्ता, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, जयदीप दुबे डॉ. सौरभ सामंत एवं छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

### मानवाधिकार आयोग ने दी कार्रवाई की चेतावनी

डिंडोरी। जिले में केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नल से जल योजना के क्रियान्वयन में गंभीर खामियों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने जिला कलेक्टर डिंडोरी, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश तथा जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के सचिव को अंतिम स्मरण पत्र जारी करते हुए समयसीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। डिंडोरी निवासी सम्यक जैन और मनन अग्रवाल द्वारा दायर शिकायत में आरोप लगाया गया है कि करोड़ों रुपये की सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद जिले के कई गांवों में नल से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को पीने के पानी के लिए आज भी कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है, जो जीवन, स्वास्थ्य और मानवीय गरिमा के मूल अधिकारों का उल्लंघन है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनेक स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि कई गांवों में लगाए गए नल और जल संरचनाएं लंबे समय से निष्क्रिय पड़ी हैं। रख-रखाव की व्यवस्था न होने और निगरानी के अभाव में योजना केवल कागजों में सफल दिखाई जा रही है।
मानवाधिकार आयोग ने 24 दिसंबर 2025 को मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि पूर्व में जिला प्रशासन एवं राज्य शासन से मांगी गई रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं की गई। आयोग ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। आयोग के उप-पंजीयक (कानून) इंद्रजीत कुमार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यदि 17 जनवरी 2026 तक मांगी गई अतिरिक्त व पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 13 के तहत बाध्यकारी एवं दमनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह मामला केवल जल आपूर्ति व्यवस्था की विफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता, जवाबदेही और जमीनी क्रियान्वयन पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। मानवाधिकार आयोग ने निर्देश दिया है कि दो सप्ताह बाद प्रकरण को पुनः सूचीबद्ध किया जाएगा।

### शहपुरा में अटल जी की 101वीं जयंती मनाई



शहपुरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा द्वारा शहीद स्मारक में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 25 दिसंबर को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालाःभजन चक्रवर्ती (मंडल अध्यक्ष): उन्होंने अटल जी को सहिष्णुता, संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति का प्रतीक बताया। रामलाल रजक (वरिष्ट भाजपा नेता): उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रप्रेम और सेवा भाव का अमूल्य मार्गदर्शन है। उनके सुशासन की भावना आज भी हर कार्यकर्ता को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। नितिन गुप्ता (महामंत्री): उन्होंने अटल जी के यशस्वी जीवन और राष्ट्रसेवा के संकल्पों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, अरुण अग्रवाल, अनूप गुप्ता, रामजी गुप्ता, अरविंद रजक, देवेंद्र वनवासी, राजेश गुप्ता, तुलसीदास गुप्ता, मुकेश साहू, सुरेंद्र साहू, रवि साहू, संतोष झारिया, हरिहरन रजक, राकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और सत्येंद्र जैन सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तहसीलदार के औचक निरीक्षण में खुली पोलः उत्कृष्ट छात्रावास से 60 से अधिक छात्र गायब, अधीक्षक नदारद

**मामला करंजिया के उत्कृष्ट छात्रावास का मामला**

जिले के करंजिया विकासखंड मुख्यालय में संचालित शासकीय आदिवासी उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास एक बार फिर सवालों के घेरे में है। तहसीलदार शैलेष गौर के औचक निरीक्षण ने व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।






सौ सीटर छात्रावास में जहाँ पढ़ाई और सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए थी, वहाँ 60 से अधिक छात्र गायब मिले। हैरानी की बात यह रही कि छात्रों की जिम्मेदारी संभालने वाले अधीक्षक बीएस तेकाम भी निरीक्षण के समय मौजूद नहीं थे। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में रह रहे छात्रों ने खुलकर अपनी परेशानी बताई। छात्रों का कहना है कि उन्हें नियमित रूप से भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है और जो भोजन परोसा जाता है, उसकी गुणवत्ता भी बेहद खराब है। कई बार तो खाना खाने लायक तक नहीं होता, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ रहा है। विकासखंड मुख्यालय में स्थित उत्कृष्ट कहलाने वाले छात्रावास की यह स्थिति जनजातीय कार्य विभाग की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। जब मुख्यालय के छात्रावास का यह हाल है, तो दूर-दराज के इलाकों में संचालित छात्रावासों की वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। एक ओर सरकार आदिवासी और गरीब तबके के छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित आवास देने के बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की सच्चाई बयां कर रही है। तहसीलदार ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अब देखना होगा कि यह कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सीमित रहती है या जिम्मेदारों पर सचमुच गाज गिरती है।

# चारपानी–आमाखोह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जर्जर, ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी



हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चारपानी–आमाखोह में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजमर्रा के आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम चारपानी से ग्राम आमाखोह तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। गड्ढों और उखड़ी हुई सतह के कारण वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।स्थिति यह है कि सड़क की दुर्दशा के बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेकेदारों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। परिणामस्वरूप सड़क की हालत दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।सूचना पटल बोर्ड पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार सड़क का संधारण कार्य 10 जून 2025 से 9 जून 2030 तक किया जाना निर्धारित है। निर्माण कार्य जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी, गोटेगांव द्वारा कराया गया है। सड़क की कुल लंबाई 2.82 किलोमीटर है, जिसमें 2.369 किलोमीटर बीटी सड़क तथा 0.451 किलोमीटर सीसी सड़क शामिल है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की वर्तमान स्थिति अत्यंत खराब है और यदि शीघ्र मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आवागमन पूरी तरह बाधित हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि जर्जर सड़क का तत्काल सुधार एवं मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



डिण्डौरी।

मध्यप्रदेश के प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री एवं नाबालिगों को शराब उपलब्ध कराए जाने के गंभीर मामले को लेकर महिला कांग्रेस ने डिण्डौरी में जोरदार विरोध दर्ज कराया। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संतोषी रामजी साहू के नेतृत्व में महिला कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार डिण्डौरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संतोषी रामजी साहू ने कहा कि डिण्डौरी जिला मुख्यालय सहित प्रतिबंधित क्षेत्रों में शराब की खुलेआम अवैध बिक्री और सप्लाई की जा रही है, जो न केवल मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब बिक्री पर स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद प्रशासन और आबकारी विभाग की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, जिससे अवैध कारोबार को संरक्षण मिलने की आशंका है। इस दौरान गुलवसिया बाई, सीता बाई, प्रीति, ऊषा बाई, पार्षद ज्योति भलावी, पूर्व पार्षद सैफी खान, पंकज यादव, रामजी साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मरावी, सुरेन्द्र सरैया, राजू सिंह, अशोक कुमार, उमेश भैया, अजय चंदेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बिजली कनेक्शन के नाम पर गरीब किसान से रिश्वत का आरोप



डिंडोरी।

जिले के मेंहदवानी विकासखण्ड में बिजली विभाग के कर्मचारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां खजरी गांव के एक गरीब किसान से बिजली कनेक्शन देने के नाम पर विभागीय लाइनमैन द्वारा 15 हजार रुपये की रिश्वत वसूले जाने का आरोप सामने आया है, जबकि बिजली विभाग द्वारा जारी आधिकारिक मांग पत्र मात्र 3,100 रुपये का था। बताया जा रहा है कि बिना रिश्वत दिए कनेक्शन नहीं मिलने की स्थिति बना दी गई, जिससे मजबूर होकर किसान को अवैध रकम देनी पड़ी। यह मामला सामने आने के बाद किसान भानुप्रताप कुसरे ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत की है। शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई का भरोसा जरूर दिलाया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ आश्वासन तक सीमित रहेगा या वास्तव में रिश्वतखोर कर्मचारी पर कोई एक्शन लिया जायेगा ? ग्रामीण अंचलों में बिजली कनेक्शन के नाम पर हो रही इस तरह की अवैध वसूली ने प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा दिया है। अब देखना होगा कि विभाग दोषियों पर कार्रवाई करता है या मामला फाइलों में ही दबकर रह जाता है।




# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर डिंडोरी में ग्राहक महापंचायत, उपभोक्ता अधिकारों पर हुआ मंथन

डिंडौरी।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को ग्राहक महा पंचायत डिंडौरी के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राहक महापंचायत डिंडोरी के जिला अध्यक्ष अनिल अवधिया एवं सचिव कान्हा प्रश्नानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामलों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम उपभोक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपभोक्ताओं को प्रदत्त अधिकारों एवं उनके दायित्वों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। वक्ताओं द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्ता, मूल्य, बिल, गारंटी, शिकायत निवारण प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार की उपभोक्ता शिकायत की स्थिति में उपलब्ध कानूनी उपायों की जानकारी प्रदान करना रहा। उपस्थित अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे जागरूक बनें, रसीद अवश्य लें और किसी भी अनियमितता की स्थिति में संबंधित मंच पर शिकायत दर्ज कराएं।

# परीक्षा परिणाम सुधार पर कलेक्टर की सख्ती: शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने कलेक्ट्रेट में कार्यशाला



डिंडौरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में परीक्षा परिणाम सुधार विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान परीक्षा परिणाम, प्री-बोर्ड परीक्षा की तैयारी, वार्षिक कार्ययोजना 2026-27, छात्रवृत्ति योजनाएं, यू-डाइस पोर्टल पर अद्यतन एवं नामांकन, विमर्श पोर्टल पर शिक्षक अपडेशन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सत्र 2025-26 में नामांकन की वर्तमान स्थिति तथा शाला त्यागी विद्यार्थियों के शाला छोड़ने के कारणों पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक एक महत्वपूर्ण पद है जिसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने को कहा। विद्यालय स्तर पर छात्रवृत्ति, सीएम हेल्पलाइन छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, विद्यार्थियों की काउंसलिंग, विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता, पेंशन प्रकरण आदि समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए जिससे सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के स्कोर स्तर को ठीक किया जा सकता है। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु सतत निगरानी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शाला त्याग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं एवं पोर्टलों पर अद्यतन जानकारी समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए, ताकि शैक्षणिक लाभ सीधे विद्यार्थियों तक पहुंच सके। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जिले के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर बनाना। कार्यशाला में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, समस्त प्राचार्य सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ज्योति परस्ते ने जीता विश्वविद्यालय स्तर का बेस्ट कैडेट अवार्ड



अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलेगांव निवासी कुमारी ज्योति परस्ते, पिता जीवनलाल परस्ते, सरदार वल्लभभाई पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के कृषि संकाय में तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे विश्वविद्यालय स्तर पर *बेस्ट कैडेट अवार्ड* प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।कुमारी ज्योति प्रारंभ से ही मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से ग्राम, विकासखंड एवं जिला स्तर पर हर्ष का वातावरण है। उपलब्धि पर परिजनों, इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथियों एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा मंच से कुमारी ज्योति को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर ज्योति परस्ते ने कहा कि यह सफलता उनके शिक्षकों एवं एनसीसी अधिकारियों के मार्गदर्शन और मेहनत का परिणाम है, जिनके प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।एनसीसी कैडेट के रूप में मिले प्रशिक्षण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। कुमारी ज्योति ने बताया कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया बरमान गौशाला का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने बरमान में हरसिद्धी सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत महेन्द्र नागेश, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने गौशाला में निराश्रित गौ-वंश के रखरखाव, चारे, पेयजल की व्यवस्था और स्वच्छता का जायजा लिया। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को गौ-वंश की सेवा में कोई कमी न रखने और बीमार पशुओं के लिए पृथक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने शेड और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। स्थानीय युवाओं के समूह द्वारा गौशाला संचालन के प्रयास की सराहना की।

### सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित हुआ सृजन कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर स्थित सांदीपनि विद्यालय में बुधवार को सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदूरख्या, एडीपीसी विपनेश जैन, प्रधान अध्यापिका श्रीमती माधुरी गर्ग, प्रधान पाठक एमए अंसारी एवं देवेश वैद्य, योगेश गुप्ता, सुशील दीक्षित, प्रभात राजपूत सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे। संस्था के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय मप्र भोपाल के निर्देश अनुसार लगातार चैथे वर्ष सृजन कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की सीख का उत्सव और बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का उत्सव मनाया जाता है, जिससे बच्चों की कल्पनाशक्ति, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

# मैथोडिस्ट चर्च, सच्चिदानंदाश्रम में हुए विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गुरूवार को विविध कार्यक्रमों के साथ क्रिसमस पर्व मनाया गया। इसे लेकर मसीह समाज में उत्साह रहा। 25 दिसंबर को प्रभु यीशू के अवतरण दिवस पर क्रिसमस पर्व की धूम के साथ चर्च में विशेष आराधना की गई। सुबह से लेकर देर रात तक मैथोडिस्ट चर्च एवं चर्च ग्राउंड पर स्थित चर्च में भीड़-भाड़ बनी रही। सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। क्रिसमस पर्व पर अन्य धर्म के लोगों ने भी चर्च में पहुंचकर इसाई समुदाय के लोगों को बधाई शुभकामनाएं दीं। वहीं लाल महल के समीप भंडारा चलता रहा। इसके अलावा सच्चिदानंद आश्रम और मिशन कम्पाउंड क्षेत्र में भी क्रिसमस पर्व मनाया गया। जानकारी अनुसार इस पर्व को लेकर मसीह समाज द्वारा आने वाले एक सप्ताह तक विविध कार्यक्रम किये जायेंगे।





### क्रिसमस टी एवं क्रिसमस ड्रामा की प्रस्तुति

क्रिसमस पर्व को लेकर मसीह समाज द्वारा नये वर्ष तक विविध धार्मिक-सामाजिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम किये जा रहे हैं। जिसमें क्रिसमस टी एवं क्रिसमस ड्रामा के साथ कैरल संगीत की प्रस्तुती दी गयी जिसमें बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया व अपनी अपनी प्रस्तुति दी । कैरल रात्रि संगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।

### सच्चिदानंद आश्रम में मिलन समारोह का हुआ आयोजन

सच्चिदानंद आश्रम में प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकता स्तंभ पर पुष्प अर्पित किए गए समन्वय परिवार के अध्यक्ष सुधीर सिंघाई ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी से अवगत कराया और प्रभु यीशु मसीह की महिमा से अवगत कराया बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में फादर एंटो द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्रभु यीशु की महिमा से सभी को अवगत कराया अंत में कार्यक्रम का समापन एवं संचालन सोनू लूनावत एवं अतुल मिश्रा के द्वारा किया गया।



### चावरा विद्यापीठ में क्रिसमस का आयोजन

चावरा विद्यापीठ में क्रिसमस पर्व सेवा की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खैरी सरपंच सुश्री रिया जाट रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर वरगीज तथा उप-प्रधानाचार्या सिस्टर शीजा की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा क्रिसमस के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। बच्चों के लिए आयोजित लकी ड्रॉ कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही सांता क्लॉज की उपस्थिति ने बच्चों में उल्लास और आनंद भर दिया। समारोह का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक सेवा रहा, जिसके अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन द्वारा खैरी गाँव के ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। मुख्य अतिथि सुश्री रिया जाट ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं मानवीय प्रयासों की प्रशंसा की। फादर वरगीज एवं सिस्टर शीजा ने शुभकामनाएँ देते हुए सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। शिक्षक अजमीर टोप्पो ने आभार व्यक्त किया।

## उत्साह के साथ मनाई बाजपेयी जी की जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 101 वीं जन्म जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई। अटल जी की जन्मदिवस की पूर्व संध्या व जन्मशताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद पंचायत स्थिति उनकी प्रतिमा के समक्ष 101 दिये जलाये गये एवं उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही भाजपा के पितृपुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय व पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सुभाष पार्क स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा सुभाष पार्क चैराहा व जिला भाजपा कार्यालय में अटल जी हर प्रदेश में हर मन में विषय पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी के उद्घाटन पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अटल शताब्दी वर्ष के जिला संयोजक महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने कहा कि अटल जी ही एक मात्र ऐसे नेता थे जो कार्यकर्ताओं के साथ जनता के दिलों में बसते थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह आज हमारे बीच भौतिक रूप से मौजूद नहीं है परन्तु उनके द्वारा चलाई जनकल्याण की योजनाएं व गरीब उत्थान के कार्य आज भी भारतीय राजनीति व समाज के बीच में प्रासंगिक है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, सह कार्यालय मंत्री शिशिर चरण दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद अजय प्रताप पटेल, संतोष चैकसे, सुषमा तिवारी, सौरभ ठाकुर, काजल सोनेलाल, सुमित कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे, रचना वर्मा, अभिशेक नेमा, गुरूचरण शर्मा, नीलेश सोनी, अमन चैरसिया मुन्नालाल सराठे, निर्देश दुबे, मूलचंद यादव, गुड्डा यादव, डब्बू नामदेव, लक्ष्मण कोरी, संजय नामदेव, अनिकेत बैरागी, सोनू सोनी, स्वाति जयसवाल, सरिता अग्रवाल, राकेश मेहरा, ब्रजेश कश्यप सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यर्ताओं की उपस्थिति रही।

बरमान मेले से तैयारियों के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली बरमान मेला संबंधी बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले बरमान मेले में की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने विश्राम गृह बरमानकलां में संबंधित अधिकारियों की बुधवार को बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीएम और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला ले-आउट का नक्शा देखा। उन्होंने मेला के दौरान खाना व भंडारे का स्थल, पूजन स्थल, प्रदर्शनी, दुकान, शौचालय, पुलिस कंट्रोल रूम, पार्किंग, सुरक्षा व आवागमन आदि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में घाटों एवं मंदिरों की साफ-सफाई व रंगाई- पुताई फायर बिग्रेड, पानी के टेंकर, अग्निशमन यंत्र के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। एसडीआरएफ एवं होमगार्ड के दल मेले के दौरान मोटर वोट एवं तैराक तैयार रखेंगे। नाविक बिना लाइफ जैकेट के मोटर वोट संचालित नहीं कर सकेंगे। नाव में बैठने वाले लोगों को लाइफ जैकेट उपलब्ध कराया जाए। स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को गहराई में जाने से रोका जाए, इसके लिए बैरीकेडिंग और सांकेघ्तिक बोर्ड लगाए जाएंगे। मेले के दौरान सीसीटीव्ही कैमरे निर्धारित स्थलों पर लगाए जाएं





### मेला स्थल का निरीक्षण

बरमान मेले से जुड़ी विभिन्न तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने संयुक्त रूप से बरमानखुर्द एवं बरमानकलां का निरीक्षण बुधवार को किया। उन्होंने बरमानखुर्द व बरमानकलां में विभिन्न स्थानों पर जाकर पार्किंग स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बरमानखुर्द के रेत घाट में दुकानों, मंच, झूले, श्रद्धालुओं के आने- जाने के लिए रास्ता आदि का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने रेतघाट में नर्मदा जी के किनारे लगी दुकानों को हटाने के निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालु सुगमता के साथ स्नान व पूजन-अर्चन कर सकें। दुकानों के लिए जो स्थल निर्धारित किया गया है, उसके आगे दुकानें नहीं लगाई जाए। यदि कोई दुकानदार निर्धारित स्थल से आगे अपनी दुकान लगाता है, तो उसे रोका जाए।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर के हॉल में उपभोक्ता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन खादय, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नरसिंहपुर द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपभोक्ता आयोग नरसिंहपुर की महिला सदस्य प्रतिभा शर्मा उपस्थित हुयी । इसके अतिरिक्त देवेंद्र कुमार खोबरिया जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतोल निरीक्षक, पेंशन ऐसोसिऐशन के सदस्य उपभोक्ता के क्षेत्र से जुड़े हुए अन्य विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप संचालक, सहकारिता विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी एवं आम उपभोक्ता जन उपस्थित हुये जिला आपूर्ति अधिकारी श्री खोबरिया द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के संबंध में विस्तार से कानूनी जानकारी दी गई एवं आम उपभोक्ताओं से अपील की गयी कि उपभोक्ता के अधिकारों के प्रति सजग रहकर जागरूक उपभोक्ता बने जिससे की ठगी से बचा जा सके ।इसी तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारी नापतोल निरीक्षक द्वारा खान-पान एवं नापतोल से संबंधित जानकारी देकर आम उपभोक्ताओं को जागरुक किया गया । कार्यक्रम के दौरान पेंशन ऐसोसिऐशन के सदस्य श्री चतुर्वेदी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक श्री कौरवं द्वारा भी उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम का मंच संचालन शशिकांत शुक्ला सहकारी संघ कर्मचारी एवं कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार आशीष नेमा द्वारा किया गया।

## नरसिंहपुर हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

बालाघाट में चल रही अन्तर जिला हॉकी प्रतियोगिता में नरसिंहपुर हॉकी संघ एवं हॉकी एकेडमी नरसिंहपुर के संयुक्त प्रयास से भाग ले रही नरसिंहपुर जिले की हॉकी टीम उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रही है । एन आई एस कोच राजकुमार चैबे ने बताया कि नरसिंहपुर टीम के मेनेजर इलियास खान से मिली जानकारी अनुसार टीम ने अपने प्रथम मैच में शाजापुर को 5-3 एवं द्वितीय मैच में बड़वानी जिले की टीम को 8-0 की करारी शिकस्त दे कर प्रतियोगिता के अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। जिला संघ के अध्यक्ष जनाब जियाउद्दीन खान, सचिव डॉ संजीव चांदोकर ,हॉकी खिलाड़ी लक्ष्मी कहार, प्रवीण सिंघई ,संदीप नामदेव, अब्दुल फरीद खान, संदीप नामदेव, प्रवीण ठाकुर,आदि ने टीम को उत्कर्ष प्रदर्शन कर ट्राफी जीतने की शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।



## विश्व ध्यान दिवस पर संयुक्त आयोजन, ध्यान से मानसिक शांति का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर नरसिंह आनंद क्लब नरसिंहपुर, श्री गीता निकुंज परिवार एवं पीएमसी संस्थान नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में ध्यान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुण्य धरा बाबा घाट में किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद से मुक्ति पाने के लिए ध्यान एक प्रभावी साधन है। नियमित ध्यान से व्यक्ति के विचारों में सकारात्मकता आती है तथा एकाग्रता और आत्मबल में वृद्धि होती है। इस अवसर पर सामूहिक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। ध्यान सत्र के दौरान शांति, अनुशासन और आत्मचिंतन का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि ध्यान न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि जीवन में संतुलन और सफलता का मार्ग भी प्रशस्त करता है। अंत में सभी प्रतिभागियों से प्रतिदिन ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। संयुक्त आयोजन ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ समाज के निर्माण में ध्यान और आत्मिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## राज्य शिक्षक संघ ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



तेंदूखेड़ा

विगत दिवस राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश द्वारा प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाली ई अटेंडेंस जैसी अव्यावहारिक व्यवस्था समाप्त किए जाने पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, अतिथि शिक्षकों को गुरुजियों की भांति नियमित किया जाए एवं अनुकम्पा नियुक्ति नियमों को शिथिल किए जाने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री महोदय के नाम प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। जिससे प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष राघवेंद्र सोहगौरा प्रदेश मीडिया प्रभारी सियाराम पटेल, प्रांतीय सचिव हरगोविंद दुबे सुनील धनोतिया व महिला मोर्चा प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती मंजुला शर्मा के साथ साथ धरना प्रदर्शन में प्रदेश भर से संघ के समस्त प्रांतीय पदाधिकारी महिला मोर्चा पदाधिकारी समस्त जिलाध्यक्ष ब्लॉक एवं तहसील अध्यक्ष जिला ब्लॉक तहसील कार्यकारिणी सदस्य सहित हजारों की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अल्हेनी में मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस



तेंदूखेड़ा

विगत दिवस ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस ग्राम अल्हेनी में मनाया गया।जिसमें उपस्थित सभी किसानों को तिलक पुष्प गुच्छ ईश्वरी सौगात भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमात्म स्मृति दीप प्रज्वलित कर हुई।इस मौके पर ब्रह्मा कुमारी जानकी दीदी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए बतलाया कि किसान हमारे देश की रीढ है । अगर किसान कमजोर तो पूरा देश कमजोर बनेगा। किसान सशक्त और समृद्ध तो देश सशक्त व समृद्ध बनेगा। वर्तमान समय रासायनिक खेती के दुष्परिणाम आज समाज में देखे जा रहे हैं। जिसके चलते अनेक ला इलाज बीमारियां फैलती जा रही हैं। जो कीटनाशक दवाओं का ही परिणाम है । किसान अपने बच्चों को भी किसान नहीं बनाना चाहता । पहले की कहावत थी उत्तम कृषि मध्यम व्यापार निकृष्ट नौकरी। जो पूरी तरह से उल्टी हो चुकी क्योंकि रसायनिक खेती अत्यंत मंहगी होती जा रही है। किसान कर्ज का सामना कर रहा। ऐसे समय शाश्वत योगिक खेती अगर किसान बंधु अपनाते है। तो कम से कम लागत में अधिक उपज और गुणवत्ता पूर्ण फसल प्राप्त की जा सकती है। स्वास्थ्य और समृद्धि दोनों का विकास होगा। ब्रह्माकुमारीज द्वारा विगत 30 वर्षों से शाश्वत यौगिक खेती का अभियान चलाया जा रहा है।सभी किसान बंधु शाश्वत योगिक खेती को अपनाये अपने परिवार गांव समाज और देश को आने वाली बीमारियों से बचायें।

तहसील स्तरीय बैठक हुई संपन्न

## पं शिवकुमार बसेड़िया तहसील संयोजक व मुकेश पुजारी तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस नगर के कलश गार्डन परिसर में सर्व ब्राह्मण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद दुबे इं अभिलाष मिश्रा नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ विप्र बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।इस मौके पर नगर पुरोहित पंडित सत्यनारायण चौबे पं वासुदेव बसेड़िया पं ओमप्रकाश शास्त्री पं प्रमोद पचोरी द्वारा भगवान परशुराम का विधिवत पूजन अर्चन कराया गया। स्वागत की औपचारिकताओ के साथ तहसील तेंदूखेड़ा की नई कार्यकारिणी गठन करने के पर चर्चा हुई।जिसमें सर्वसम्मति से युवाओं के हाथ में बागडोर सौंपने पर निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम मोनू पाठक के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नप अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी पुरानी रीति रिवाज से भटक रही है। जिसको हमें जोड़ने के लिए यह संगठन खड़ा करना पड़ रहा है। हम अपने देश व समाज की ख्याति को आगे लायें।संगठन में शक्ति होती है। समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए आज यह कार्यकारिणी गठित की जा रही है। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज बहुत समय के बाद तेंदूखेड़ा तहसील खंड में सामाजिक बैठक आयोजित हुई है। हम सभी वरिष्ठ जनों का लक्ष्य है कि युवाओं को अपनी सामाजिक रीति रिवाज व कुरीतियों से बचाने के लिए सभी युवाओं को सामाजिक एकता के सूत्र में बांधना अनिवार्य हो गया है। जो नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है इसमें सभी ग्रामों के लोगों को प्रतिनिधित्व मिले। किसी तरह का कोई भेदभाव नहीं हो। सर्व ब्राह्मण सभा जिला अध्यक्ष नारायण दुबे, कोषाध्यक्ष देवेंद्र पाठक, परशुराम सेना गाडरवारा के मुकेश बसेड़िया पंडित नागेंद्र त्रिपाठी पंडित नंदकिशोर शर्मा पंडित शिवकुमार दुबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से क्षेत्र के प्रतिष्ठित कृषक पंडित शिवकुमार बसेड़िया को तहसील संयोजक एवं मुकेश पुजारी को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ कमलेश पुजारी देवशरण सुरवारिया रामसहाय चौबे अनुराग मिश्रा पी डी शुक्ला बृजभूषण दुबे विजय शर्मा बबलू शुक्ला अजय बारोलिया पूनम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्र जन उपस्थित रहे। आभार मोनू पाठक और संचालन वरिष्ठ शिक्षक कवि नंदकिशोर शर्मा के द्वारा किया गया।

## अधीक्षण अभियंता ने की कार्यों की समीक्षा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विद्युत विभाग के नवागत अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने आर डी एस एस योजना की समीक्षा बैठक ली। जिसमें नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत सभी वितरण केन्द्र में होने वाले कार्यों की जानकारी ली। बैठक में 11केवी फीडर कंडक्टर बदलना केवल ओर अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक में नरसिंहपुर व्रत अंतर्गत दोनों डिविजन के कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले नरसिंहपुर संभाग ओर आशुतोष ओझा संभाग आर वी एन एल कंपनी के अधिकारी समीक्षा बैठक में पर उपस्थित रहे जिसमें अधीक्षण अभियंता ने वितरण केन्द्र अनुसार पूरे जिले में होने वाले कार्यों की जानकारी ली ओर सख्त निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी कार्यों को समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में दोनों कार्यपालन अभियंता के द्वारा ओर आर वी एन एल कंपनी अधिकारियों के द्वारा समय सीमा में कार्य कर हेतु अधीक्षण अभियंता को जल्द से जल्द सभी वितरण केन्द्र करकर देने हेतु आश्वासन दिया गया। म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन नरसिंहपुर शाखा द्वारा नवागत अधीक्षण अभियंता इंजी. नीलाभ श्रीवास्तव से सौजन्य भेंट कर स्वागत कर उन्हें शुभकामनाऐं दीं। इंजी. श्रीवास्तव द्वारा पेंशनरों के हित एवं कल्याण हेतु समुचित सहायता किये जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. बी.एस. पटैल, उपाध्यक्ष इंजी. जी.के. सोनी, कोषाध्यक्ष जी.के. चतुर्वेदी, सचिव अरूण खरे, कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य डी.एस. चैधरी उपस्थित रहें।